बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24

पत्रांक :– 14 /गोह, दिनांक :– 03.01.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि | दिनांक–03.01.2024 |
| 3 | निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि | दिनांक–15.01.2024 से दिनांक–18.01.2024 |
| 4 | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक–19.01.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक–20.01.2024 समय 3.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा प्रपत्र की बिक्री का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, सोन उच्चस्तरीय नहर अंचल, औरंगाबाद।<br>3. मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद। |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | क्रमांक– 6 के सभी कार्यालयों में। |
| 8 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि, समय एवं स्थान | सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी। |

9. कार्य का विवरण :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रू0 (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य रू0 में (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य पूर्ण करने की अवधी/तिथि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई कॉलोनी के आवासीय परिसर के निकट जलापूर्ति व्यवस्था हेतु एक अदद हैंड पम्प (india mark -ii) लगाने का कार्य। | 0.990 | 2000.00 | 500.00 | 25.02.2024 | |
| 2 | सिंचाई कॉलोनी गोह के आवासीय परिसर के आवास सं0–PF-16 में शौचालय टंकी का मरम्मति का कार्य। | 0.900 | 1800.00 | 500.00 | 25.02.2024 | |
| 3 | सिंचाई कॉलोनी गोह के आवासीय परिसर के आवास सं0–PE-2, PE-4, PE-5, PE-6, PE-10, PF-6, PD-1, PD-2 एवं निरीक्षण भवन में 15 अदद लोहे का दरवाजा लगाने का कार्य। | 1.600 | 3200.00 | 500.00 | 25.02.2024 | |
| 4 | निरीक्षण भवन के मरम्मति एवं सम्पोषण का कार्य। | 5.80170 | 11700.00 | 1250.00 | 25.02.2024 | |

10. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त, नियम आहर्ता, अग्रधन का स्वरूप, निविदा की प्रकिया एवं अन्य जानकारी के लिए परिमाण विपत्र बिकी स्थल से सम्पर्क किया जा सकता है।

03/01/2024

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
पुनपुन बराज प्रमण्डल–1, गोह
मो0–8789372380

## नियम एवं शर्तें

1. कार्य की प्राक्कलित राशि एवं मात्रा में घटोत्तरी बढ़ोत्तरी हो सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा। अग्रधन की राशि प्राक्कलित राशि का 2% एवं 100 गुणक में होगा।
2. अग्रधन की राशि डाकघर बचत खाता पासबुक 1/2/3 वर्षीय डाकघर में सावधि जमा, राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र अथवा बिहार सरकार द्वारा मान्य अन्य प्रतिभूति जो कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल-1, गोह के पदनाम से विधिवत प्रतिज्ञित हो ,स्वीकार किये जायेंगे। निविदा सुचना निर्गत की तिथि के पूर्व प्रतिज्ञित की मान्यता नहीं दी जाएगी।
3. संवेदक को आवेदन के साथ परिमाण विपत्र का मूल्य की राशि राष्ट्रीयकृत बैंक या अधिसूचित बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियन्ता, पुनपुन बराज प्रमण्डल-1, गोह के पदनाम से निर्गत हो एवं SBI, GOH में भुगतेय हो को ही स्वीकार किये जायेंगे।
4. निविदा दो मुहरबंद लिफाफे में क्रमांक 01 से 02 जिसमे क्रमशः प्री-क्वालीफिकेशन बीड तथा प्राइस बीड रहेगा। दोनों लिफाफे को एक बड़े लिफाफे में सिल कर समर्पित करना होगा। निविदा प्राप्त करने / खोलने की तिथि को क्रमांक 6 (1) में उल्लेखित कार्यालय में प्री-क्वालीफिकेशन वाले लिफाफे को ही खोला जायेगा। प्री-क्वालीफिकेशन बीड में सफल निविदाकारों का दूसरा लिफाफा प्राइस बीड सक्षम पदाधिकारी द्वारा निविदाताओं का ही दूसरा लिफाफा (वित्तीय/प्राइस बीड) खोला जायेगा।असफल निविदाताओं का ही दूसरा लिफाफा (वित्तीय/प्राइस बीड) जस का तस सम्बंधित निविदाताओ को लौटा दिया जायेगा।
5. पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या– 13589 (S), पटना, दिनांक 13.12.2011 के कंडिका (4) कि उपकंडिका (च) में निहित प्रावधन के अनुसार रु0–25,00,000.00 (रु0 पच्चीस लाख) तक के कार्य के निविदा के लिए निविदा दाता को समूचित श्रेणी में (श्रेणी–iv) औरंगाबाद (जिला) हेतु निबंधित होना अनिर्वाय होगा। कार्यस्थल जिला में होगा, उसी जिला से निबंधित (श्रेणी– iv) के संवेदक ही इस निविदा में भाग लेगें।
6. निविदादाताओं को प्री–क्वालिफिकेशन बीड के साथ निम्नलिखित अभिप्रमाणित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

   (क) निविदाता का समुचित श्रेणी (श्रेणी– iv ) औरंगाबाद (जिला) हेतु निबंधित होने का प्रमाण–पत्र।

   (ख) निर्गत परिमाण विपत्र में अंकित अग्रधन की राशि बिहार सरकार, वित्त विभाग द्वारा अनुमान्य स्वरूप में समर्पित करना अनिवार्य है।

   (ग) चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

   (घ) निम्न आशय का शपथ पत्र (Affidavit) निविदा के साथ समर्पित करना होगा।

   "I the undersigned, do hereby certify that all the statements made in the required attachments are true and correct, and if found fake/ forged, the undersigned will be liable for infliction upto the FIR and lawful punishment as well as Black listing".

7. संवेदक को लिफाफे के उपर अपना दूरभाष संख्या तथा मोबाईल नं0 यथा संभव अंकित करना चाहिए ताकि निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार की सूचना उन्हे स–समय दी जा सके।
8. निविदादाता द्वारा न्यूनतम दर उद्वत करने के सम्बंध में जल संसाधन विभाग, पटना का पत्रांक– 4439 (E) दिनांक– 17.07.2023 के आलोक में CWJC NO. 9941/2022 में दिनांक– 06.07.2023 के पारित आदेश का अनुपालन अनिवार्य होगा।
9. बिना कारण बताए एक या सभी निविदा को रदद् करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. संवेदक को सभी कार्य विस्तृत परिमाण विपत्र में वर्णित शर्तो के साथ– साथ जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा निविदा से सम्बंधित सभी अद्यतन अनुदेश एवं शर्ते निविदा के लिए मान्य होगी।
11. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
12. सफल निविदादाता को जन कार्य प्रपत्र एफ–2 (क्लॉज 23 विलोपित) पर एकरारनामा करना होगा।
13. संदेहास्पद कार्य करने वाले एवं जिनके विरूद्व कालीकृत करने की कार्यवाही चल रही है अथवा पूर्व में आवंटित कार्य की प्रगति अगर संतोषपद नही है तो ऐसे संवेदको की निविदा मान्य नही होगी।

03/01/2024

14. संवेदक के विपत्र से 1% (एक प्रतिशत) सेस की राशि भवन एवं सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड मद हेतु एवं नियमानुसार जी.एस.टी/आयकर की कटौती की जायेगी।
15. यदि कोई सामग्री संवेदक को लगाना है तथा वह सामग्री विभाग में उपलब्ध है तो संवेदक को सामग्री की आपूर्ति की जायेगी, जिसका मूल्य विभागीय दर पर वसूल कर ली जायेगी।
16. कार्य आवंटन के पश्चात् एकरारनामा में निर्धारित अवधि के अनुरूप कार्य स–समय पूर्ण करना होगा अन्यथा अग्रधन की राशि को जब्त कर ली जायेगी। इस कार्य में कोई समय वृद्वि मान्य नही है यदि कोई अपरिहार्य कारणो से निविदा खोलने या प्राप्ति की तिथि को बिहार सरकार द्वारा अवकाश घोषित हो जाये तो निविदा को खोलने या प्राप्ति का कार्य अगले कार्यकारी दिवस पर की जायेगी।
17. विभागीय पत्रांक–719 दिनांक–15.10.2019 के आलोक में फार्म–''एम'' एवं ''एन'' के सत्यापन पद्वति को समाप्त करते हुए मालिकाना फीस (Seigniorage fee) की कटौती प्राक्कलन में लगे खनिज मूल्य के 10 प्रतिशत **फ्लैट** दर पर कार्य विभागों द्वारा अपने आपूर्तिकर्ता / कार्य संवेदक के विपत्र से काटी जायेगी।
18. विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्त्क्षरी से मिलें या सूचना पट पर देखें।
19. संवेदक को किये गये कार्य का भुगतान तभी होगा जब सरकारी प्रतिष्ठित गुण नियंत्रण के कार्यालय से गुणवत्ता प्रमाण–पत्र प्राप्त होगा।
20. तकनीकी बीड में कई सफल निविदादाताओं का समान न्यूनतम निविदित दर की स्थिति में सफल निविदादाता का चयन बिहार लोक निर्माण विभाग के संहिता के अनुरूप लौटरी के माध्यम से किया जायेगा।
21. एकरारनामा के समय G.S.T No. एवं पैन कार्ड का अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करना होगा।
22. संवेदक निविदा डालने के पहले कार्यस्थल का निरीक्षण कर कार्य से अवगत हो लें। बाद में कार्य से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
23. मिट्टी संपीडन के संबंध में संयुक्त सचिव, अभियंत्रण, जल संसाधन विभाग, पटना का पत्रांक–730 दिनांक–17.10.2019 एवं खुदाई कार्य के संबंध में विभागीय पत्रांक– 205 दिनांक–20.03.2023 का अनुपालन किया जाएगा।

ह0/–
(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल-1,गोह
मो0 – 8789372380

पत्रांक– 14 /गोह, दिनांक– 03-01-2024

प्रतिलिपिः– सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, बिहार पटना को ई–मेल के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ समर्पित।

(ई0 राजू कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
पुनपुन बराज प्रमण्डल-1,गोह
मो0 – 8789372380